ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 23-09-2022

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-09-23 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-09-24	2022-09-25	2022-09-26	2022-09-27	2022-09-28
वर्षा (मिमी)	1.0	15.0	20.0	15.0	10.0
अधिकतम तापमान(से.)	33.0	32.0	31.0	31.0	31.0
न्यूनतम तापमान(से.)	23.0	22.0	22.0	22.0	23.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	90	95	95	95	90
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	60	60	65	65	60
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	10.0	14.0	14.0	10.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	90	90	100	130	110
क्लाउड कवर (ओक्टा)	7	7	8	6	3

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (16 - 22 सितम्बर, 2022) में 214.4 मिमी वर्षा हुई व आसमान में मध्यम से घने बादल छाये रहें। अधिकतम तापमान 25.0 से 33.5 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 22.8 से 25.7 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 83 से 95 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 68 से 97 प्रतिशत एवं हवा 0.1 से 6.4 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-उत्तर-पूर्व, पूर्व-दक्षिण-पूर्व व उत्तर दिशा से चली| आगामी पांच दिनों में, हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है।अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 31.0 से 33.0 व 22.0 से 23.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0-14.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व, दक्षिण-पूर्व व पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। चेतावनीः 24 से 26 सितंबर में कहीं-कहीं (लगभग 25 प्रतिशत क्षेत्र में) भारी से बहुत भारी वर्षा व गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने व तेज बौछार की संभावना है। ईआरएफएस के अनुसार, 28 सितंबर से 4 अक्टूबर के दौरान राज्य में वर्षा, अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| भारतीय मौसम व़िज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई मानचित्र ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर जिले के लिए एनडीवीआई 0.3-0.5 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम से अच्छी है| मौसम पूर्वानुमान को देखते हुए, किसान भाई अभी फसलों में सिंचाई को स्थगित कर दें व खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें। ईआरएफएस के अनुसार, 28 सितंबर से 4 अक्टूबर के दौरान राज्य में वर्षा, अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं अतः किसान भाई अपने खेतों में आवश्यक कृषि क्रियायें कर सकते है।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। भारी से बहुत भारी वर्षा की चेतावनी को देखते हुए, किसान भाई खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	धान की फसल में भूरा या सफेद फुदके का प्रकोप होने पर, क्लोथियानिडिन 50 डब्ल्यू जी का प्रयोग करे। यदि फुदके के साथ तना बेधक का भी प्रकोप हो तो फिप्रोनिल 5 एससी 1000 मिली/है डाले। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए, मौसम साफ होने पर करें।
गन्ना	कंडुवा व लाल सड़न रोग से ग्रसित पौधो को निकाल कर खेत से बाहर जला दें	
गाजर	तराई क्षेत्र में गाजर की बुवाई इस माह करें तथा मैदानी क्षेत्रो में गाजर की एशियाई व यूरोपियन किस्मों की बुवाई इस माह मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करे।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
बैंगन	बैंगन की फसल में सफेद मक्खी का प्रकोप होने पर, बैगन की सूखी टहनियो को काटकर नष्ट कर दें व थियामेथोक्सम 25 डब्ल्यू जी का 200 ग्राम/500 लीटर पानी / हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए करें।
आलू	अगेती आलू के लिए खेत तैयार करें। 200-250 क्विंटल गोबर की सड़ी खाद खेत में मिलाकर माह के अंत तक बुवाई करें। इसके लिए 20-25 क्विंटल बीज प्रति है० की आवश्यकता होगी।
टमाटर	टमाटर की फसल के लिए पौधशाला का निर्माण कर शीत ऋतु हेतु बीज की बुवाई करें। सामान्य प्रजातियों हेतु 500 ग्राम/है० व संकर प्रजातियों हेतु 200 से 250 ग्राम/है० बीज की आवश्यकता है।
ब्रोकोली	किसान भाई मैदानी व तराई क्षेत्रों मेंए बंद गोभीए गाँठ गोभी व ब्रोकली की बुवाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करे।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	बछियो का माॅ से दूध छः महीने के बाद ही छुड़वाना चाहिए, ताकि उनका शारीरिक विकास अच्छे तरीके से हो सके। आगामी दिनों में वर्षा की सम्भावना को देखते हुए पशुओं, विशेष रूप से नवजात पशुओं को उचित आश्रय प्रदान करें और पौष्टिक आहार दें।
बकरा	भेड़ व बकरियों को टिटनेस टॉक्साइड के 2 टीके एक 4 माह पर, दूसरा 5 माह पर अवश्य लगवायें, जिससे नवजात मेमनों को टिटनेस नामक बीमारी न हों।

मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह:

मुर्गी पालन	मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह
मुर्गी	नमी की वजह से आहार में फफूॅदी लग जाती है जिससे आहार में पोषक तत्व की कमी हो जाने से अपलाटॉक्सीकोशिश नामक बीमारी हो जाती है। इससे मुर्गियों के पेट में कीड़े पड़ने से अण्डा देने की क्षमता घट जाती है ऐसी मुर्गियों को पशु चिकित्सक की सलाह से कृमिनाशक दवा महीने में एक बार अवश्य दें।